# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.08.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- भारत और फिजी ने स्वास्थ्य मानकीकरण, क्षमता निर्माण और कई बड़ी परियोजनाओं सहित सात समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान किया।
- गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान के (एक सौ तीसवें संशोधन) विधेयक का विपक्षी दलों द्वारा विरोध करने पर आलोचना की।
- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जुलाई दो हजार पच्चीस से जून दो हजार छब्बीस तक घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण शुरू किया जा रहा है।
- शिक्षा और खेल निदेशालय की ओर से नॉर्थ बे रोड मैराथन–श्री पाइन्ट जीरो का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

भारत और फिजी ने स्वास्थ्य मानकीकरण, क्षमता निर्माण तथा कई बड़ी परियोजनाओं के संबंध में सात समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाऊस में फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी राबुका के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता की। इसके बाद श्री मोदी ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। दोनों देश रक्षा और सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने में सहमत हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि फिजी की राजधानी सुवा में एक बड़ा अस्पताल बनाया जाएगा और भारत के सहयोग से फिजी में जन औषधि केंद्र भी खोले जाएंगे।

फिजी के प्रधानमंत्री श्री राबुका ने कहा कि भारत और फिजी शांति, स्थिरता, कल्याण और विकास को बढ़ावा देने के लिए एकमत हैं। उन्होंने कहा कि भारत के साथ फिजी के संबंध सदैव प्रगाढ रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की फिजी की यात्रा का भी जिक्र किया और कहा कि फिजी की जनता ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया था।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान के (एक सौ तीसवें संशोधन) विधेयक का विपक्षी दलों द्वारा विरोध करने पर आलोचना की। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में, श्री शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता जेल में रहते हुए भी सरकार बनाने और चलाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इस विधेयक के तहत प्रधानमंत्री पद को लाने पर ज़ोर दिया था। उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर विपक्ष के सवालों पर कहा कि विपक्ष को इस मुद्दे को ज़्यादा नहीं बढ़ाना चाहिए।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में ओ.बी.सी और ई.बी.सी छात्रों के लिए दो हजार पच्चीस–छब्बीस सत्र के लिए प्री–मैट्रिक, पोस्ट–मैट्रिक और अतिरिक्त छात्रवृत्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल scholarships.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए कक्षा नौवीं और दसवीं तक के छात्रों को और पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए कक्षा ग्यारह के बाद के छात्रों को आवेदन करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, ओ.बी.सी छात्रों को कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए अतिरिक्त छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि पोर्टल द्वारा जल्द ही घोषित की जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जुलाई दो हजार पच्चीस से जून दो हजार छब्बीस तक घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण शुरू किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण घरेलू पर्यटन पर व्यय, रात्रि यात्राओं और यात्रा विशेषताओं के बारे में जानकारी जुटाएगा, जो पर्यटन मंत्रालय के पर्यटन उपग्रह खाता के लिए जरूरी है। सर्वेक्षण में गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों से सहयोग की अपील की गई है। जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। यह सर्वेक्षण पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा और नीतियों के निर्माण में मदद करेगा।

<><><><><><><>

शिक्षा और खेल निदेशालय के सहयोग से उप शिक्षा कार्यालय, विम्बर्लीगंज ने नॉर्थ बे रोड मैराथन–थ्री पाइन्ट जीरो का आयोजन किया। यह आयोजन सुबह छह बजे से शुरू हुआ और इसमें विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन में तीन प्रमुख दौड़ें आयोजित की गईं। मैराथन चुन्नाभट्ठा (राम मंदिर) नॉर्थ बे से शुरू हुई और वापस उसी स्थान पर समाप्त हुई। इस आयोजन में कुल दो सौ पन्द्रह प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए युवा पीढ़ी से खेलों को अपनाने, स्वस्थ जीवन शैली की ओर अग्रसर होने और नशीली दवाओं से दूर रहने का आह्वान किया।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत हम्फ्रीगंज के अंतर्गत हम्फ्रीगंज स्कूल रोड पर ब्लैक टॉप रोड के निर्माण के लिए शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण अंडमान के उपायुक्त अर्जुन शर्मा, ए.डी.एम विनायक चमाड़िया और सहायक आयुक्त अभिषेक गुलिया ने भी भाग लिया। इस ब्लैक टॉप रोड के निर्माण से क्षेत्र में परिवहन की सुविधा में सुधार होगा, जिससे स्थानीय निवासियों और व्यापारिक गतिविधियों को लाभ होगा। इस परियोजना को लेकर पंचायत और सरकार के अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि यह कदम ग्राम पंचायत के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। यह कार्यक्रम प्रधान पलानी कुमार सहित समस्त पंचायत कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, श्री विजयपुरम में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए चार वर्षीय यू.जी.एड. कार्यक्रम, बी.एस.सी.बी.एड. कंप्यूटर विज्ञान में एक सीट रिक्त हो गई है। इस सीट के लिए काउंसलिंग छब्बीस अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर काउंसलिंग में उपस्थित रहे। काउंसलिंग से सम्बन्धित सभी उम्मीदवारों को कमरा संख्या–छब्बीस स्थित रिसेप्शन पर रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। काउंसलिंग में चयनित उम्मीदवारों को प्रवेश के दिन सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ एक फोटो कॉपी और आवश्यक शुल्क जमा करना होगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित चिन्मय मिशन में सत्ताइस से इकत्तीस अगस्त तक धूमधाम से श्री गणेश पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सत्ताईस अगस्त को सुबह आठ बजे श्री गणपति होमम् किया जाएगा। इसके बाद सुबह नौ बजे श्री गणपति विग्रह की प्रतिष्ठापना होगी। भक्तों को भगवान गणपति की मूर्तियाँ वितरित की जाएँगी, जो सुबह दस बजे से शुरू होंगी। पूजा का समापन इकत्तीस अगस्त को गणपति विसर्जन के साथ होगा।

<><><><><><><>

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच, पोर्ट ब्लेयर द्वारा दो हजार पच्चीस की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन तेरह सितम्बर को किया जाएगा। यह आयोजन कलकत्ता उच्च न्यायालय के पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच में सुबह साढ़े ग्यारह बजे से होगा। इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य उच्च न्यायालय, कलकत्ता में लंबित मामलों का निपटारा करना है, जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच में दायर होने वाले संभावित मुकदमे और पूर्व मामले भी शामिल हैं। इस लोक अदालत में भाग लेने के इच्छुक पक्षकारों और उनके अधिवक्ताओं को एक सितंबर तक आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की गई है।

<><><><><><><>